# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 06.05.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, तरुणमित्र न्यूज़,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला–दि0 06.05.2025

## स्मार्ट सिटी 311 एप के जरिये वायु प्रदूषण फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**वाराणसी।** वीडीए के अपर सचिव परमानंद यादव की अध्यक्षता में सोमवार को स्मार्ट सिटी 311 एप पर शिकायत निस्तारण के लिए प्रशिक्षण दिया गया। वीडीए सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में बताया गया कि एप के जरिये वायु प्रदूषण फैलाने वालों पर कार्रवाई होगी। शहर में वायु प्रदूषण के कारणों को चिह्नित करके उनका समय से समुचित निस्तारण करने के लिए शासन से स्मार्ट सिटी-311 एप बनाया गया है। इसपर वायु प्रदूषण के कारणों यथा निर्माणाधीन स्थलों पर हरा परदा, पानी का छिड़काव, बिल्डिंग मैटेरियल को ढकने सहित बिल्डिंग मलबे का समुचित निस्तारण समय से सुनिश्चित करने के लिए एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली बनाई गई है। इस एप पर चिह्नित प्रकरणों में वाराणसी विकास प्राधिकरण, नगर निगम, आदि विभागों की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए निस्तारण रिपोर्ट, फोटोग्राफ अपलोड किया जाना है। ब्यूरो

### अमर उजाला–दि0 06.05.2025

## पार्कों में वीडीए बनाएगा सेल्फी पॉइंट

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने वीडीए सभागार में सोमवार को परियोजनाओं की समीक्षा की। इसमें नगर क्षेत्र के विभिन्न पार्कों के सुंदरीकरण कार्य को तेजी से व गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। पार्कों में सेल्फी पॉइंट बनाने को कहा। मोहनसराय स्थित करनाडाडी, मिल्कीचक, सरायमोहन एवं बैरवन में ट्रांसपोर्ट नगर योजना के विकास कार्य की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने निर्देशित किया कि भूमि उपयोग, आवंटन प्रक्रिया, बुनियादी ढांचे के विकास आदि पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शिवपुर स्थित पूर्व-निर्मित मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम परियोजना की स्थिति की समीक्षा की। बरसात से पूर्व मिट्टी भराई व दर्शकदीर्घा के विस्तारीकरण के कार्य को शुरू कराएं। ब्यूरो

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## हिन्दुस्तान–दि0 06.05.2025

# वीडीए सचिव ने जोनल अधिकारी समेत तीन से मांगा स्पष्टीकरण

### शमन शुल्क के निर्धारित लक्ष्य से कम धनराशि जमा कराने पर नाराजगी

माई सिटी रिपोर्टर

वाराणसी। वीडीए के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने सोमवार को वीडीए में समीक्षा बैठक की। शमन शुल्क के निर्धारित लक्ष्य से कम धनराशि जमा कराने पर नाराजगी जताई। जोन-3 के जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति, अवर अभियंता रविंद्र प्रकाश व राजू कुमार से स्पष्टीकरण मांगा। जोन-5 के अवर अभियंता अशोक यादव और समस्त फील्ड कर्मचारियों का मई माह का वेतन रोकने को कहा। कहा कि जितने भी पुराने लंबित शमन मानचित्र की फाइल को जल्द निस्तारित करें।

सचिव ने सभी जोन के एक माह के कार्यों के प्रगति, बीते 3 माह के एमपीआर की समीक्षा की। जमा शमन मानचित्र, स्वीकृत शमन मानचित्र, तावान, शमन शुल्क की वसूली, आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों पर असंतुष्ट प्रतिक्रिया पर विशेष ध्यान देने को कहा।

अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध कार्रवाई, अनाधिकृत रूप से संचालित पेट्रोल, डीजल, सीएनजी फिलिंग स्टेशनों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वार्ड के टॉप-10 बकायेदारों से वसूली करें। सभी जोन ने कुल 16 शमन मानचित्र स्वीकृत किया। सभी जोन ने शमन शुल्क के मद में कुल 3,11,13,775 रुपये प्राधिकरण कोष में जमा कराया।



वीडीए की ओर से ध्वस्त किया गया अवैध निर्माण। स्रोत-वीडीए

### वीडीए ने अवैध निर्माण ध्वस्त कराया

वाराणसी। वीडीए की प्रवर्तन टीम ने सोमवार को वरुणा के ग्रीन बेल्ट में बैंक्वेट हॉल के लिए निर्मित अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया गया। सिकरौल वार्ड के गोपाल यादव ने बुद्ध नगर कॉलोनी पुराना वरुणा ब्रिज किनारे 1000 वर्गमीटर में अवैध निर्माण कराया जा रहा था। अस्थायी रूप से टीन शेड लगाया गया था। नोटिस देने के बाद बीते 10 अक्तूबर को ध्वस्तीकरण आदेश दिया गया था। वरुणा नदी के तट से 50 मीटर तक ग्रीन बेल्ट एरिया प्रस्तावित है। प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से निर्माण ध्वस्त किया गया। टीम में जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा, अवर अभियंता रोहित कुमार आदि शामिल रहे।

**पार्कों के सुंदरीकरण कार्य का वीडीए सचिव ने किया निरीक्षण :** वीडीए के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्र ने सोमवार को पार्कों के सुंदरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। अशोक विहार कॉलोनी और महादेव नगर कॉलोनी में बने पार्क में प्रकाश की व्यवस्था, ब्रिक वर्क, प्लास्टर, पेंटिंग, इंटरलॉकिंग, बेंच और झूला आदि लगाए जाएंगे। वीडीए सचिव ने कॉलोनी के लोगों के सुझावों को सुना। अधिकारियों को निर्देश दिए कि समयबद्ध और गुणवत्तायुक्त कार्य कराएं। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा उपस्थित थे। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 06.05.2025

# वरुणा नदी में अवैध तरीके से बने बैंक्वेट हाल को बुलडोजर से तोड़ा

- वरुणा किनारे से 50 मीटर में वीडीए द्वारा घोषित है ग्रीन बेल्ट
- 2024 में पारित था बैंक्वेट हाल के ध्वस्तीकरण का आदेश

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वरुणा नदी किनारे ग्रीन बेल्ट में अवैध तरीके से एक हजार वर्ग मीटर में बने बैंक्वेट हाल पर सोमवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण ने कार्रवाई करते हुए बुलडोजर से तोड़ दिया। तोड़ने के दौरान निर्माणकर्ता ने विरोध करने की कोशिश की लेकिन पुलिस के आगे उसकी एक न चली। अवैध निर्माण की जानकारी होने पर वीडीए ने नोटिस जारी करते हुए ध्वस्तीकरण का आदेश पारित किया था लेकिन मामला न्यायालय में होने के चलते वीडीए आगे कार्रवाई नहीं कर सका।

जोन एक के जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा ने बताया कि सिकरौल वार्ड के बुद्ध नगर कालोनी में पुराना वरुणा ब्रिज में वरुणा नदी किनारे ग्रीन बेल्ट में गोपाल यादव ने



वरुणा नदी किनारे ग्रीन बेल्ट में बना बैंक्वेट हाल● स्रोत, वीडीए

अवैध तरीके से टिन शेड बैंक्वेट हाल और रेस्टोरेंट बना रखा था। वरुणा नदी के किनारे से 50 मीटर दायरे में ग्रीन बेल्ट में कोई निर्माण नहीं हो सकता है। नोटिस जारी करने के साथ 10 अक्टूबर-2024 को ध्वस्तीकरण का आदेश पारित था। आदेश के खिलाफ संचालक ने हाईकोर्ट में अपील किया था। कोर्ट में अपील खारिज होने के साथ फिर से ध्वस्तीकरण का आदेश पारित करते हुए कार्रवाई की गई है।

## दैनिक जागरण–दि0 06.05.2025

# अशोक विहार के पार्क की बदलेगी काया

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण सचिव डा. वीपी मिश्रा ने सोमवार को अशोक विहार कालोनी के ब्लाक ए और बी में पार्क का औचक निरीक्षण करने के साथ सुंदरीकरण कराने का निर्देश दिया। इसके बाद महादेव नगर कालोनी के पार्क में चल रहे सुंदरीकरण कार्य को देखा। सचिव ने बताया कि कालोनीवासियों के लिए पार्क हरियाली देने के साथ उनके स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद है। सुबह-शाम कालोनीवासी पार्क में टहलने के साथ व्यायाम करते हैं। रख-रखाव में शहर के कई पार्कों की हालत काफी दयनीय हो चुकी है, ऐसे में एक-एक पार्क का वीडीए सुंदरीकरण करा रहा है जिससे आमजन को इसका फायदा मिले। सचिव ने पार्क में प्रकाश व्यवस्था, ब्रिक वर्क, प्लास्टर, पेंटिंग, इंटरलाकिंग, हार्टिकल्चर, बोरिंग, बेंच एवं झूला आदि लगाने का निर्देश दिया। अभियंता को गुणवत्ता में विशेष ध्यान देने को कहा। लापरवाही मिलने पर ठेकेदार के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने की बात कही। इस दौरान कालोनीवासियों से वार्ता करने के साथ पार्क की सुंदरता बनाए रखने की अपील की। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा आदि मौजूद थे।

## दैनिक जागरण–दि0 06.05.2025

# जोनल अधिकारी और जेई से तीन दिन में मांगा गया जवाब

**नए व शमन मानचित्र संतोषजनक नहीं होने पर वीडीए सचिव ने जताई थी नाराजगी, कहा-लंबित फाइलों को जल्द करें निस्तारित**

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण सचिव डा. वीपी मिश्रा ने सोमवार को जोन तीन (दशाश्वमेध, चेतगंज, चौक व कोतवाली वार्ड), जोन चार (भेलूपुर व नगवां वार्ड), जोन पांच (रामनगर व मुगलसराय वार्ड) के एक माह के प्रगति की समीक्षा की। नए व शमन मानचित्र संतोषजनक नहीं होने पर नाराजगी जतायी। जोन तीन के जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति, अवर अभियंता रविन्द्र प्रकाश व राजू कुमार द्वारा लापरवाही बरतने पर उनसे तीन दिन में जवाब मांगा है। जोन पांच के अवर अभियंता अशोक यादव समेत अन्य कर्मचारियों का वेतन रोकने को कहा है। लंबित फाइलों का जल्द से जल्द निस्तारण करने को कहा गया है। बैठक में जोन चार के जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता आदर्श निराला, सोनू कुमार, जोन पांच के जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियंता अशोक कुमार यादव आदि मौजूद थे।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 06.05.2025

# वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा पार्कों के उच्चीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण

वाराणसी । विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा अशोक विहार कॉलोनी पार्क ब्लॉक- एवं ब्लॉक-क्वतथा महादेव नगर कॉलोनी पार्क में चल रहे उच्चीकरण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यों की आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, ब्रिक वर्क, प्लास्टर, पेंटिंग, इंटरलॉकिंग, हॉर्टिकल्चर, बोरिंग, बेंच एवं झूला आदि की समीक्षा किया गया। सचिव ने कॉलोनी के निवासियों से भी वार्ता की और उनके द्वारा दिए गए सुझावों को सुना। इसके अतिरिक्त, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्वक पूरा किया जाए ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा उपस्थित थे। उन्होंने कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 06.05.2025

# वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव ने की समीक्षा बैठक

वाराणसी । विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा जोन-3 वार्ड-दशाश्वमेध, चेतगंज, चौक व कोतवाली, जोन-4 भेलूपुर व नगवां, जोन-5 रामनगर व मुगलसराय का एक माह कार्यों के प्रगति 01/04/2025 से 30/04/2025 तकविगत 3 माह के व पूर्व निर्देशित बिन्दुओं के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आहूत की गयी। जोन-3 के जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति, अवर अभियन्ता रविन्द्र प्रकाश, राजू कुमार, जोन-4 के जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियन्ता आदर्श निराला एवं सोनू कुमार, जोन-5 के जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियन्ता अशोक कुमार यादव व मुख्य भवन लिपिक, विन्यास लिपिक एवं अन्य लिपिक उपस्थित रहे उक्त समीक्षा बैठक में आलोच्य माह अवधि में जमा शमन मानचित्र, स्वीकृत शमन मानचित्र, तावान / शमन शुल्क की वसूली, ढ्ढत्क्र-पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों पर असन्तुष्ट प्रतिक्रिया पर कार्य करने हेतु निर्देशित किये, अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही,



अनाधिकृत रूप से संचालित पेट्रोल / डीजल/सी0एन0जी0 फिलिंग स्टेशनों के विरूद्ध कार्यवाही, विन्यास व भवन वार्ड के टॉप-10 बकायेदारों आदि मुख्य बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी। आलोच्य माह अवधि में जोन-3 द्वारा 06, जोन-4 द्वारा 06 व जोन-5 द्वारा 04 इस प्रकार कुल 16 शमन मानचित्र स्वीकृत किया गया।आलोच्य अवधि में जोन-3, 4 व 5 द्वारा शमन शुल्क के मद में कुल रु. 3,11,13,775.00 प्राधिकरण कोष में जमा हुआ द्य समीक्षा बैठक के दौरान निर्धारित लक्ष्य से कम धनराशी जमा कराये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए द्य जोन-3 के जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति, अवर अभियंता रविन्द्र प्रकाश व राजू कुमार को स्पष्टीकरण , जोन-5 के अवर अभियंता अशोक यादव व समस्त फिल्ड कर्मचारियों के मई माह का वेतन रोकने के लिये निर्देशित किये की जितने भी पुराने लम्बित शमन मानचित्र की फाइल को अतिशिघ्र निस्तारण के लिये आदेशित किया गया,सचिव महोदय द्वारा समस्त जोनल अधिकारी एवं अवर अभियंता को निर्देशित किया गया कि वे अधिक से अधिक मानचित्र स्वीकृत कर शमन शुल्क जमा कराए।

हिन्दुस्तान–दि0 06.05.2025

## बैंक्वेट हॉल, रेस्टोरेंट को कराया ध्वस्त

**वाराणसी।** वरुणा किनारे ग्रीन बेल्ट में बैंक्वेट हॉल और रेस्टोरेंट को वीडीए प्रशासन ने सोमवार को ध्वस्त कर दिया। सिकरौल स्थित बुद्ध नगर कॉलोनी में एक हजार वर्गमीटर में फिर से निर्माण की जानकारी पर पहुंची टीम ने यह कार्रवाई की। भवन संख्या एस 19/78 ए में भवन स्वामी द्वारा अवैध तरीके से निर्माण कराया जा रहा था।

वीडीए ने उप्र नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 27 के अन्तर्गत दस अक्तूबर 2024 को निर्माणकर्ता को नोटिस जारी की थी और ध्वस्तीकरण आदेश हुआ। वाराणसी महायोजना 2031 के अंतर्गत वरुणा किनारे 50 मीटर तक ग्रीन बेल्ट में निर्माण को प्रतिबंधित है।

हिन्दुस्तान–दि0 06.05.2025

## वीडीए के जोनल, जेई से जवाब तलब

**वाराणसी।** वीडीए के एक जोनल अधिकारी समेत दो जेई से स्पष्टीकरण मांगा गया है। अवैध निर्माण, शिकायतों पर कार्रवाई समेत राजस्व वसूली की समीक्षा में संतोषजनक प्रगति न मिलने पर सोमवार को वीडीए सचिव डॉ. वेदप्रकाश मिश्रा ने यह निर्देश दिए।

वीडीए मुख्यालय में समीक्षा बैठक में दशाश्वमेध, चौक, कोतवाली, चेतगंज के जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति, जेई रवींद्र प्रकाश और राजू कुमार को नोटिस जारी किया गया। वहीं रामनगर, मुगलसराय जोन के जेई अशोक यादव और फील्ड कर्मचारियों के मई का वेतन रोकने का निर्देश दिया गया। डॉ. मिश्रा ने कहा कि शिकायतों का समाधान प्राथमिकता से करना है।

राष्ट्रीय सहारा—दि0 06.05.2025

## स्मार्ट सिटी-311 ऐप का प्रशिक्षण व शिकायत निस्तारण की समीक्षा

**वाराणसी (एसएनबी)।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार अपर सचिव परमानन्द यादव की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी 311 ऐप पर शिकायत निस्तारण के लिए एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। शहर में वायु प्रदुषण के कारणों को चिन्हित करके उनका समय से समुचित निस्तारण करने के लिए शासन द्वारा स्मार्ट सिटी-311 ऐप बनाया गया है उक्त ऐप पर वायु प्रदुषण के कारणों यथा निर्माणाधीन स्थलों पर हरा पर्दा, पानी का छिड़काव, बिल्डिंग मैटेरियल को ढकने सहित बिल्डिंग मलबे का समुचित निस्तारण समय से सुनिश्चित करने के लिए एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली बनायी गयी है।

स्मार्ट सिटी 311 ऐप पर चिन्हित प्रकरणों में वाराणसी विकास प्राधिकरण, नगर निगम, इत्यादि विभागों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त ऐप पर निस्तारण रिर्पोट एंव फोटोग्राफ अपलोड किया जाना होता है। उक्त के संबंध में वाराणसी विकास प्राधिकरण के जोनल अधिकारी एंव अवर अभियंता तथा संबंधित टीम को आज स्मार्ट सिटी ऐप की प्रशिक्षक प्रागी मिश्र एवं पियूष द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। वाराणसी विकास प्राधिकरण को निर्माणधीन भवनों एंव विभागीय निर्माण स्थलों पर पर्दा लगाने पानी का छिड़काव करने सहित वायु प्रदुषण रोकने के लिए समुचित कार्यवाही कराने को निर्देशित किया गया। एयर पॉल्यूशन एक्शन ग्रुप (एपीएजी) की टीम वायु प्रदुषण के कारकों का शहर में चिन्हांकन करेगी एवं प्रदुषण के स्रोतों का पता लगायेगी और संबंधित विभागों, जिसमें वाराणसी विकास प्राधिकरण शामिल है, को शिकायत भेजेगी। यदि कही निर्माण कार्य हो रहा हो तो वहा ग्रीन नेट का उपयोग, पानी का छिड़काव सहित अन्य प्रासंगिक कार्यवाही सुनिश्चित किया जायेगा, ताकि वायु प्रदुषण न बढ़े। प्रशिक्षण कार्यशाला के उपरान्त प्राधिकरण सभागार स्थित उक्त बैठक में जोनल अधिकारी, अवर अधिकारी, भवन लिपिक सहित प्रवर्तन कार्मिक उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सहारा—दि0 06.05.2025

## वीडीए सचिव ने पार्कों का किया भ्रमण, चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण



**वाराणसी।** वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने सोमवार को अशोक विहार कॉलोनी पार्क ब्लॉक-ए एवं ब्लॉक-बी तथा महादेव नगर कॉलोनी पार्क में चल रहे उच्चीकरण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गयी। आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, ब्रिक वर्क,प्लास्टर, पेंटिंग, इंटरलॉकिंग, हॉर्टिकल्चर, बोरिंग, बेंच एवं झूला आदि के चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। सचिव ने कॉलोनी के निवासियों से भी वार्ता की और उनके द्वारा दिए गए सुझावों को सुना। इसके अतिरिक्त, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्वक पूरा किया जाए ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा उपस्थित थे। उन्होंने कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 06.05.2025

### वीडीए उपाध्यक्ष ने की ट्रांसपोर्ट नगर सहित कई परियोजनाओं की समीक्षा



**वाराणसी (एसएनबी)।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में सोमवार को महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निम्न विषयों पर चर्चा एवं समीक्षा की गई। नगर क्षेत्र के विभिन्न पार्कों के उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई तथा पार्कों के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण के लिए कार्य को तेजी से व गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किये जाने को निर्देशत किया गया। इस संबंध में पार्कों में सेल्फी प्वॉइंट बनाए जाने के भी निर्देश दिए गए।

मोहनसराय स्थित करनाडाड़ी, मिल्कीचक, सरायमोहन एवं बैरवन में ट्रांसपोर्ट नगर योजना के विकास कार्य की प्रगति पर चर्चा हुई, तथा उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि भूमि उपयोग, आवंटन प्रक्रिया, बुनियादी ढांचे के विकास आदि पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

शिवपुर स्थित पूर्व-निर्मित मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम परियोजना की स्थिति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि बरसात से पूर्व मिट्टी भराई व दर्शकदीर्घा के विस्तारीकरण के कार्य को प्रारम्भ किये जाने के निर्देश दिए गए तथा परियोजना के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं पर आवश्यक सुधारात्मक कदमों पर सुझाव दिये। बैठक के दौरान सचिव वेद प्रकाश मिश्रा, अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता अजय पवार, अधिशासी अभियंता (निर्माण), सहायक अभियंता, अवर अभियंता एवं संबंधित परियोजना प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 06.05.2025

### जोन तीन, चार व पांच में 16 मानचित्र किये गये स्वीकृत

**वीडीए सचिव ने एक माह के कार्यों की समीक्षा की**

**वाराणसी।** वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने जोन-तीन (वार्ड-दशाश्वमेध, चेतगंज, चौक व कोतवाली), जोन-चार (भेलूपुर व नगवां), जोन-पांच (रामनगर व मुगलसराय) का एक माह के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में आलोच्य माह अवधि में जमा शमन मानचित्र, स्वीकृत शमन मानचित्र, तावान/ शमन शुल्क की वसूली, आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों पर असंतुष्ट प्रतिक्रिया पर कार्य करने के लिए निर्देशित किये। अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही, अनाधिकृत रूप से संचालित पेट्रोल/ डीजल/सीएनजी फिलिंग स्टेशनों के विरूद्ध कार्यवाही, विन्यास व भवन (वार्ड) के टॉप-10 बकायेदारों आदि मुख्य बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी। आलोच्य माह अवधि में जोन-तीन द्वारा छह, जोन-चार द्वारा छह व जोन-पांच द्वारा चार इस प्रकार कुल 16 शमन मानचित्र स्वीकृत किया गया। जिससे कुल रु. 3,11,13,775 प्राधिकरण कोष में जमा हुआ। समीक्षा बैठक के दौरान निर्धारित लक्ष्य से कम धनराशि जमा कराये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जोन-तीन के जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति, अवर अभियंता रविंद्र प्रकाश व राजू कुमार को स्पष्टीकरण, जोन-पांच के अवर अभियंता अशोक यादव व समस्त फिल्ड कर्मचारियों के मई माह का वेतन रोकने के लिये निर्देशित किये की जितने भी पुराने लंबित शमन मानचित्र की फाइल को अतिशीघ्र निस्तारण के लिये आदेशित किया गया।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 06.05.2025

### वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने किया पार्कों के उच्चीकरण कार्य का स्थल निरीक्षण

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा अशोक विहार कॉलोनी पार्क ब्लॉक-ए एवं ब्लॉक-क तथा महादेव नगर कॉलोनी पार्क में चल रहे उच्चीकरण कार्यों का सोमवार को स्थल निरीक्षण किया गया।



वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा पार्कों के उच्चीकरण कार्य का स्थल निरीक्षण करने के दौरान अधीनस्थों को निर्देश देते हुए

निरीक्षण के दौरान कई कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई जिसमें आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, ब्रिक वर्क, प्लास्टर, पेंटिंग, इंटरलॉकिंग, हॉर्टिकल्चर, बोरिंग, बेंच एवं झूला आदि शामिल रहा। वीडीए सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा ने कॉलोनी के निवासियों से भी वार्ता की और उनके द्वारा दिए गए सुझावों को सुना। इसके अतिरिक्त, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्वक पूरा किया जाए ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा उपस्थित थे। उन्होंने कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।